आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली में भेंट कर सेब उत्पादन के पीक सीज़न के दौरान सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने सेब पर आयात शुल्क को बढ़ाकर सौ प्रतिशत करने का भी आग्रह किया ताकि विदेशी सेब के आयात से राज्य के बागवानों को हानि न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग अढ़ाई लाख किसान सेब उत्पादन से जुड़े हैं और सालाना लगभग 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये की आय होती है। उन्होंने प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया। सुखविंद्र सिंह ने कहा कि पिछले सप्ताह प्रदेश के बागवानों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी थी जिन्हें उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को सेब पर आयात शुल्क कम किए जाने से बागवानों को हो रही हानि के बारे में भी अवगत करवाया।

भारतीय सेना

भारतीय सेना अपना 78वाँ सेना दिवस मना रही है और इसी कड़ी में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत आज शिमला में आर्मी ट्रेनिंग कमांड आरट्रैक द्वारा ऐट होम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 21वीं सदी की उभरती सुरक्षा चुनौतियों के लिए भारतीय सेना की तैयारियों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने कहा कि सेना की बदौलत आज देशवासी सुरक्षित हैं और सेना की महानता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही के वर्षों में रक्षा क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर आरट्रैक शिमला के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सेना दिवस कोई परेड या उत्सव मात्र नहीं, बल्कि उन वीरों को नमन करने का दिन है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है और माफिया राज हावी हो गया है। आज कुल्लू में मनाली और लाहौल विधानसभा संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी अपने में व्यस्त हैं जबकि आम जनता और सरकारी कर्मचारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा चुनाव के समय दी गई हर साल एक लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने केंद्र की वीबी–जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मददगार बताया।

<u>अनुराग ठाकुर</u>

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में कर्मचारियों, अधिकारियों व मंत्रियों में तालमेल का अभाव है, जो हिमाचल के हित में नहीं है। आज ऊना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से हर साल आपदा कहर बरपा रही है और ये सरकार राहत बचाव कार्यों में विफल साबित हो रही है। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और विकास कार्य भी ठप्प पड़े हैं।

——————————————